# HAMIRPUR POLICE

**थाना जरिया/चिकासी** **दिनाँक** 26.08.2023

## पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थाना समाधान दिवस पर थाना जरिया में सुनी गई जनता की शिकायतें इसके उपरांत थाना जरिया व थाना चिकासी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया:-

आज दिनांक-26/08/2023 को जनपद हमीरपुर के थाना जरिया में "थाना समाधान दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया तथा जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये।

इसके उपरांत थाना जरिया व थाना चिकासी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में थाने के कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर/ महिला हेल्पडेस्क/सीसीटीएनएस कक्ष/ई-मालखाना व थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया, अभिलेखों को गहनता से चेक किया गया व समय से अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, तदोपरांत थाना परिसर की साफ-सफाई को चेक किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही प्रभारी निरीक्षक व अन्य पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाली जनता/पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर नायाब तहसीलदार सरीला, प्रभारी निरीक्षक तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

थाना जोरया
जनपद- हमीरपुर

हेल्प डेस्क
112
1098
102
108